# मंत्रालय के संयुक्त और उपसचिव की बैठक संपन्न

**» छत्तीसगढ़ राजपत्र के आनलाईन प्रकाशन तैयारियां शुरू- राजस्व सचिव ने कलेक्टरों से दिए निर्देश**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राजपत्र का आनलाईन प्रकाशन होगा, इसके लिए आज यहा मंत्रालय महानदी भवन से राज्य शासन के राजस्व विभाग की सचिव सुश्री रीता शांडिल्य ने राज्य के सभी जिले के कलेक्टरों को ई राजपत्र में प्रकाशित होने वाली अधिसूचनाओं के निर्माण और प्रकाशन के संबंध में विभिन्न तकनीकी जानकारी और सावधानी के बारे में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए विस्तार से चर्चा की।

राजस्व सचिव ने मंत्रालय के विभिन्न विभागों के सयुक्त एवं उप सचिवों की बैठक लेकर उन्हें भी ई राजपत्र के प्रकाशन के संबंध मे आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक तथा छत्तीसगढ़ मुद्रण एवं लेखन सामग्री की संचालक सुश्री जयश्री जैन मौजूद थी । राजस्व सचिव ने छत्तीसगढ़ ई राजपत्र के प्रकाशन मे शासकीय अधिसूचनाओं के प्रकाशन के सबंध में जानकारी देते हुए वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कलेक्टरों से कहा कि अधिसूचनाओं के बनाने मे सर्तकता बरती जाये एवं अधिसूचनाओं को भली-भांति पढ़े तथा आवश्यकतानुसार त्रुटियो को सुधार लिया जाये। अधिसूचनाओं को अधिकारी ठीक से चेक करें और डिजिटल हस्ताक्षर कर भेजें। इसी तरह से मंत्रालय के संयुक्त और उपसचिव की बैठक मे उन्हें




छत्तीसगढ़ ई राजपत्र में विभागीय अधिसूचनाओं के निर्माण के समय सर्तकता और सावधानी बरती जानी चाहिए। सूचना को ठीक से जॉच कर आनलाईन प्रकाशन हेतु भेजी जाये। संचालक मुद्रण एव लेखन सामग्री सुश्री जैन ने भी साधारण एव असाधारण राजपत्र के ई प्रकाशन के सबंध में नियमो की आवश्यक जानकारी अधिकारयों को दी। उन्होंने कहा कि असाधारण राजपत्र में प्रकाशन हेतु भेजी जाने वाली अधिसूचना के लिए समान्य प्रशासन विभाग की अनुमति अवश्य ली जाये। बैठक में अधिकारियों की विभिन्न शंकाओं का समधान किया गया।

## पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस एवं इस्पात मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का भिलाई प्रवास

**» एसएमएस-3 के तीसरे कन्वर्टर का उद्घाटन करेंगे**

**भिलाई-रायपुर (आरएनएस)।** केन्द्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस एवं इस्पात मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज भिलाई के प्रवास पर रहेंगे। प्रधान के साथ सेल चेयरमैन अनिल कुमार चौधरी एवं सेल के शीर्ष अधिकारीगण भी भिलाई आ रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री प्रधान का सेल के निदेशक प्रोजेक्ट्स व बिजनेस प्लानिंग एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के सीईओ अनिर्बान दासगुप्ता केन्द्रीय मंत्री का स्वागत करेंगे। भिलाई निवास पहुँचने पर पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस एवं इस्पात मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को सीआईएसएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। इस्पात मंत्री भिलाई निवास परिसर में वृक्षारोपण करेंगे। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस एवं इस्पात मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान भिलाई निवास से संयंत्र भ्रमण के लिए प्रस्थान करेंगे।

**» सुबह चार बजे से किया था चक्काजाम**

# एसडीएम के आश्वासन के बाद किसानों ने किया एनएच बहाल

**बीजापुर (आरएनएस)।** वारदाना की कमी को पूरा करते हुए धान खरीदी करने की मांग को लेकर किसानों ने धनोरा चौक और कोत्तापाल के पास एनएच 63 को जाम कर दिया था, किन्तु बाद में एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य की समझाइस के बाद किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त कर मार्ग को बहाल किया ।



प्रदेश में इन दिनों किसानों द्वारा वारदाने की कमी पूरा कर अपने धान खरीदी की मांग को लेकर जगह जगह आंदोलन कर रहे है । बीजापुर जिले में भी लगातार किसानों द्वारा चक्का जाम, धरना प्रदर्शन कर सरकार को किये गए वादों को याद दिलाने की कोशिश कर रहे है । बीस फरवरी धान खरीदी का आखरी दिन है, जिससे किसान अपने अनाज की बिक्री को लेकर काफी परेशान हैं । सुबह चार बजे ही किसान अपनी मांगों को लेकर धनोरा चौक और कोत्तापाल चौक के पास एनएच 63 को जाम कर दिया था, जिससे यातायात पूरी तरह से बंद हो गई थी। धरना की सूचना के बाद एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य ने धरना स्थल पहुंच कर किसानों को बताया कि वारदाने आ चुके है और खरीदी केंद्रों के लिए गोदाम से रवाना भी हो चुके है, आप खरीदी केंद्र पहुंच कर अपने धान को बेंचे। वही एसडीएम ने बताया कि आधा वारदाने हमारी होगी और आधा आपका और धान खरीदी भी देर रात तक चलेगा, सभी के धान की खरीदी होगी, किसानों को परेशान होने की आवश्यकता नही है।

## राजिम माघी पुन्नी मेला का समापन 21 को

**» विधानसभा अध्यक्ष होंगे समापन समारोह के मुख्य अतिथि**

**रायपुर (आरएनएस)।** महानदी-सोंढूर-पैरी नदी के संगम पर स्थित छत्तीसगढ़ के प्रयाग राज राजिम में आयोजित माघी पुन्नी मेला का समापन 21 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शाम 7 बजे होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। मेले का शुभारंभ 9 फरवरी को हुआ था। साधु-संतों के सानिध्य में गरिमामय समारोह में मेले का समापन होगा। इस अवसर पर धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत मंत्री टी.एस. सिंहदेव, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत और डॉ. लक्ष्मी ध्रुव उपस्थित रहेंगे।

# अनियंत्रित होकर स्कार्पियो वाहन ट्रक से टकराई

**» तीन युवकों की मौत, एक गंभीर**

**» चांदो मार्ग के एसपी आफिस के सामने हुई दुर्घटना**



**बलरामपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के बलरामपुर थाना क्षेत्र के चांदो रोड में बीती रात एक अनियंत्रित स्कार्पियो खड़ी ट्रक से जा टकराई और इस हादसे में 1 युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 2 युवकों ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया वही 1 अन्य घायल युवक को उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने अम्बिकापुर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

दरअसल मुख्यालय के चांदो रोड में एसपी बंगले के सामने अनियंत्रित स्कॉर्पियो खड़ी ट्रक से टकरा गई यह टक्कर इतनी भयावह थी की स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए और स्कॉर्पियो में सवार चार युवकों में से 1 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई..वही मौके पर पहुँचे पूर्व जिला पंचायत सदस्य धीरज सिंहदेव व नागरिकों ने 3 युवकों को अस्पताल पहुँचाया जिसके बाद उपचार के दौरान 2 युवाओं ने अस्पताल में दम तोड़ दिया और एक अन्य घायल युवक को अम्बिकापुर रिफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ये युवक स्कार्पियो क्रमांक सीजी 13 एएफ 6431 में सवार होकर ग्राम ओबरी से अमडण्डा बारात शादी समारोह में जा रहे थे।

# गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ : सारक्षता भवन दुर्ग में ई-साक्षरता केन्द्र का शुभारंभ




**रायपुर।** मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत आज नगर पालिका निगम दुर्ग परिक्षेत्र में 'गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़' के तहत साक्षरता भवन दुर्ग में ई-साक्षरता केन्द्र का शुभारंभ विधायक श्री अरूण वोरा द्वारा की-बोर्ड का बटन दबाकर किया गया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में संचार क्रांति का युग है। इसमें सभी माता-बहनों को डिजिटली साक्षर होना जरूरी है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह सबसे नवाचारी कार्यक्रम है। यह योजना बहुत अच्छी है, इसे प्रत्येक वार्ड में प्रारंभ किया जाना चाहिए।

दुर्ग जिले में यह चौथा केन्द्र है। इसके पूर्व नगर निगम भिलाई परिक्षेत्र में खुर्सीपार, नगर पंचायत पाटन और नगर पंचायत उतई ई-साक्षरता केन्द्र प्रारंभ हो चुके है। इन केन्द्रों में 14 से 60 आयु वर्ग की माता-बहनों को डिजिटल साक्षर किया जा रहा है। एक माह की प्रशिक्षण अवधि होती है, जिसमें 25-30 शिक्षार्थियों का एक बैच संचालित होता है। प्रशिक्षण में निर्धारित पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के बाद जिला स्तर पर आनलाईन आंतरिक मूल्यांकन और राज्य स्तर पर बाह्यमूल्यांकन चिप्स द्वारा किया जाता है। ई-साक्षरता केन्द्र में नियुक्त प्रशिक्षित ई-एजुकेटर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सफल शिक्षार्थियों को ऑनलाईन ही डिजिटल साक्षर होने का प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। योजना का लाभ शहरी क्षेत्र की कमजोर और वंचित क्षेत्र की महिलाओं को मिल रहा है। वे दैनिक जीवन में इसका उपयोग कर तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर होकर अपने जीवन को और अधिक सरल एवं बेहतर बना रही है। डिजिटल साक्षरता के अतिरिक्त इन्हें व्यक्तित्व विकास, श्रेष्ठ पालकत्व, वित्तीय, कानूनी, निर्वाचन साक्षरता, आत्मरक्षा, जीवन मूल्य,



कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कुशल प्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के नोडल अधिकारी श्री प्रशांत पाण्डेय ने कार्यक्रम के विषय में बताया कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए यह साक्षरता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। ''डिजिटल साक्षर बनव, नवा छत्तीसगढ़ गढ़व'' के नारे के साथ उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में 36 केन्द्रों की स्थापना मुख्यमंत्री के हाथों की गई।

## जिला स्तरीय मैराथन दौड़ में बालक वर्ग में मांगी राम बालिका वर्ग में कमली रही विजेता



**जगदलपुर (आरएनएस)।** चित्रकोट महोत्सव के अन्तर्गत जिला स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में मांगी राम प्रथम(लोहंडीगुड़ा), बालिका वर्ग में कमली पोयाम प्रथम (तोकापाल)रही है। बालक वर्ग के मांगीराम ने लगातार प्रथम बाजी मार कर इतिहास रचा है। प्रतिभागियों को लोहण्डीगुड़ा जनपद अध्यक्ष महेश कश्यप व जनपद उपाध्यक्ष योगेश बैज ने मुख्य अतिथि के आसंदी से नगद पुरुस्कार दे कर प्रोत्साहित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोहण्डीगुड़ा के अलावा विभिन्न इलाके के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# जांजगीर-चांपा जिले में सिंचाई विस्तार के लिए 86.89 लाख स्वीकृत

**किसानों को 100 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई की मिलेगी सुविधा**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के सिंचाई विस्तार के लिए 86.89 लाख के कार्य स्वीकृत किया गया है। इन दो सिंचाई विस्तार के कार्य पूरा होने से 100.97 हेक्टेयर क्षेत्र में कृषको को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जाजंगीर-चांपा जिले के विकास खण्ड जैजेपुर की हसदेव बांगो परियोजना अर्न्तगत कंचदा उप वितरक नहर के 2 आर माइनर मे रवरवानी सब माइनर निर्माण कार्य के लिए 35.67 लाख तथा जैजेपुर की हसदेव बांगो परियोजना अर्न्तगत करमनडीह माइनर के करमनडीह सब माइनर निर्माण कार्य के लिए 51.22 लाख की प्रशासकीय स्वकृति दी गई है।

## किसानों पर लाठीचार्ज को लेकर भाजपा नेताओ का दल राज्यपाल से मिला

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के केसकाल में किसानों पर पुलिस लाठीचार्ज मामले को लेकर भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने गुरूवार को राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उइके से राजभवन जाकर मुलाकात की और इस मामले की भाजपा की पांच सदस्यीय टीम द्वारा की गई जांच से अवगत कराया। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के नेतृत्व में राज्यसभा सदस्य सरोज पाण्डेय, रामविचार नेताम, प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी, पूर्व मंत्री केदार कश्यप, लता उसेंडी सहित अन्य भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल आज राजभवन पहुंचा और राज्यपाल उइके से मुलाकात करते हुए उन्हें केसकाल में किसानों पर हुई। पुलिस लाठीचार्ज मामले को लेकर भाजपा की पांच सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट सौंपी। इसके साथ ही भाजपा ने धान खरीदी पर राज्य सरकार को श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है।

**» नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया शासकीय महाविद्यालय बलौदाबाजार के वार्षिकोत्सव में हुए शामिल**

# सेमिनार भवन और पुस्तकालय के लिए 50 लाख की घोषणा

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया बुधवार को शासकीय महाविद्यालय बलौदाबाजार के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए। डॉ. डहरिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह साल भर की गतिविधियों, शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति सहित अन्य प्रतियोगिताओ में अच्छा प्रर्दशन करने का उत्सव है। इस दिन उत्कृष्ठ छात्र-छात्राओ को सम्मानित भी किया जाता है।

उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओ को लगन, ईमानदारी और निष्ठा के साथ भविष्य निर्माण में आगे बढ़ना चाहिए। राज्य सरकार भी उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठा रहे है। खेल के क्षेत्र में भी प्रदेश में आदर्श प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की जा रही है। इससे प्रदेश के खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले युवाओ को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा और युवा प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। डॉ. डहरिया ने इस मौके पर महाविद्यालय में सेमिनार भवन निमार्ण के लिए 40 लाख रूपये और पुस्तकालय तथा फर्निचर के लिए 10 लाख रूपये की घोषणा की। उन्होंने महाविद्यालय परिवार की अन्य मांगो को भी विभागीय मंत्रियों से समन्वय कर पूरा करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर बलौदाबाजार के पूर्व विधायक श्री जनकराम वर्मा, जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राकेश वर्मा, जनपत पंचायत पलारी के अध्यक्ष श्री खिलेन्द्र वर्मा महाविद्यालय के प्राचार्य श्री ए.के. उपाध्याय सहित सर्वश्री सुरेन्द्र शर्मा, दिनेश यदु, परमेश्वर यदु, उमेश ठाकुर, सुश्री सुमित्रा बंजारे, गंभीर ठाकुर, लोकेश्वरी साहू, प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित थे।




## क

### नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी विज्ञापन के जरिए हजारों की धोखाधड़ी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** माना विमानतल में नौकरी लगाने का फर्जी विज्ञापन देकर युवक से 9 हजार 4 सौ 50 रुपये की धोखाधड़ी किये जाने की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 26 नवंबर 19 से 27 नवंबर 19 के मध्य एक दैनिक समाचार पत्र में माना विमानतल में नौकरी के लिए छपे विज्ञापन देखकर रैनबो टीवीएस के बगल जीई रोड आजाद चौक निवासी हर्षिता साहू ने मोबाइल फोन क्रमांक 85860 46498 एवं 78381 03355 पर संपर्क करने पर प्रार्थियां से रजिस्ट्रेशन ट्रेनिंग के नाम पर आरोपी द्वारा बताये गये बैंक खाता में दो बार में 9 हजार 4 सौ 50 रुपये जमा करा लिया व बाद में नंबर को ब्लेक लिस्ट में डाल दिया। राष्ट्रीय न्यूज सर्विस के द्वारा पूर्व में छपे विज्ञापन को देखकर अखबार में दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया था व फर्जी विज्ञापन से सावधान रहने की न्यूज भी प्रकाशित किया गया था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल फोन धारक के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### जुआ खेलते 5 जुआरी गिरफ्तार, नगदी रुपये व ताश की 52 पत्ती जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5 हजार 1 सौ रुपये नगद व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार नरैया तालाब शिवमंदिर के पास जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर मनोज कुमार भोसले एवं अन्य चार जुआरियों को जुआ खेलते गिरफ्तार कर उनके पास 5 हजार 1 सौ रुपये एवं ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है।

### सड़क हादसे में दो बाइक सवार की मौत, 304 ए के तहत अपराध दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** खरोरा व अभनपुर क्षेत्र में रोड एक्सिडेंट में अलग अलग स्थानों पर दो लोगों की मौत हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा निवासी संतू धीवर 22 वर्ष पिता बुधारू धीवर 10 अगस्त 2019 को अपनी मोटरसाइकिल से जाते समय तेज रफ्तार चलाने के चलते फिसल कर पर्स राइस मिल के पास कोसरंगी के पास खड़ी ट्रक से टकरा गया जिसके चलते युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जांच के बाद पुलिस ने मृतक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक मोटरसाइकिल चलाने के जुर्म में धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मर्ग कायम किया है। इसी तरह सिवनी कला कुरुद धमतरी निवासी अर्जुन तारक 38 वर्ष पिता हेमलाल तारक ने अभनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 14 फरवरी को संडी मोड़ के पास अभनपुर में तेज रफ्तार कार चालक ने संतोष तारक 54 वर्ष पिता समारू तारक को मोटरसाइकिल से आते समय अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते संतोष तारक की मौत हो गई।

### अस्पताल के पास खड़ी मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** अस्पताल के पास खड़ी मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार साहू पारा खमतराई निवासी नीलकुमार साहू 29 वर्ष रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 20 दिसंबर को प्रार्थी ने अपनी मोटरसाइकिल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 04 एमएच 7670 कीमत 30 हजार रुपये को उरकूरा अस्पताल के पास खड़ी किया था जब वापस आया तो मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### अवैध रूप से शराब पिलाने पर हुई कार्रवाई

**रायपुर (आरएनएस)।** सार्वजनिक स्थानों पर अहातों की अनुमति के बिना शराब पिलाया जाना निषिद्ध है बावजूद इसके होटल बासों एवं सुनसान स्थान में आये दिन खुलेआम शराब पी जाती है। कबीर नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार अनिल साव आयु 30 वर्ष पिता सरजू साव निवासी यदुवंशी चौक हीरापुर द्वारा अपने ठेला में अवैध रूप से शराब पिलाये जाने के अपराध में पुलिस ने आबकारी एक्ट 36 सी के तहत मामला कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU